DESCRIPTION

दुबई से आया यात्री मिला कोरोना पॉजिटिव
फ्लाइट में साथ आये सभी यात्रियों की होगी स्क्रीनिंग

जयपुर,11 मार्च। दुबई से फ्लाइट से आये जयपुर निवासी एक 85 वर्षीय व्यक्ति के कोरोना वायरस के पॉजिटिव पाये जाने पर संबंधित फ्लाइट से आये सभी यात्रियों की स्क्रीनिंग करवाई जाएगी। दुबई से 28 फरवरी को जयपुर आई स्पाइस जेट की फ्लाइट के सभी यात्रियों को तत्काल निकटवर्ती चिकित्सा संस्थान से संपर्क करने के लिए कहा गया है। इन यात्रियों तथा इनके संपर्क में आये समस्त व्यक्तियो की भी स्क्रीनिंग की जाएगी। पॉजिटिव पाये गये व्यक्ति के संपर्क में आये सभी व्यक्तियो की भी स्क्रीनिंग करवाने एवं आवश्यकता अनुसार उन्हें आइसोलेशन में रखने के निर्देश दिये गए हैं।
अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री रोहित कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को सीफू में आयोजित समीक्षा बैठक में यह जानकारी दी गई। पॉजिटिव पाये गये व्यक्ति की 78 वर्षीय पत्नी एवं 50 वर्षीय पुत्र को भी आइसोलेशन में रखा गया है एवं सेम्पल लेकर जांच की जा रही है। पॉजिटिव पाये गए व्यक्ति के निवास के आसपास के 3 किलोमीटर क्षेत्र में भी स्क्रीनिंग की जा रही है।

पॉजिटिव पाया गया व्यक्ति 3 निजी अस्पतालो में उपचार के बाद 9 मार्च को तड़के 3 बजे एसएमएस में भर्ती हुआ एवं जांच में पॉजिटिव पाये जाने पर तत्काल आइसोलेशन में लेकर संपर्क में आये व्यक्तियों की स्क्रीनिंग प्रारंभ कर दी गई।

श्री सिंह ने आर्मी, रेलवे सहित सभी निजी बड़े अस्पतालों में आइसोलेशन एवं देखरेख की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कोरोना के संबंध में घर घर जाकर सर्वे के तहत अब तक प्रदेश में एक लाख 77 हजार व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। उन्होंने संबंधित स्थलों को इन्फेक्शन रहित बनाने के लिए की जा रही कार्यवाही की विस्तार से समीक्षा की। अब तक 335 व्यक्तियो के सेम्पल लेकर जांच की जा चुकी है एवं इनमे से 328 निगेटिव एवं 3 पॉजिटिव पाये गए। शेष 4 सेम्पल जांच प्रक्रिया में है। अब जोधपुर मेडिकल कॉलेज में भी कोरोना जांच कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि 13,14 व 15 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा की समस्त आशा कार्यकर्ताओं को कोरोना का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कोरोना के बारे में व्यापक जनचेतना जागृत करने के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। रेपिड रेस्पॉन्स टीमो की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आयुष विभाग द्वारा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए काढा भी पिलाया जा रहा है। आयुष चिकित्साकर्मियों को भी कोरोना के बारे में जागरूकता अभियान में सहयोग करने के निर्देश दिए गए हैं।

श्री सिंह ने बताया कि निजी चिकिसालयो को उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। उपचार के लिए मना करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में 3 निजी चिकिसालयो को नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने विदेशी पर्यटकों एवं विदेश भ्रमण से लौटे यात्रियों के बारे में विशेष सतर्कता बरतने तथा स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा सचिव श्री वैभव गैलरिया, एमडी एनएचएम श्री नरेश ठकराल, सीईओ स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी श्रीमती शुचि त्यागी सहित संबंधित अधिकारी गण मौजूद थे।